संख्याः 47/2026/311पू0वि0नि0/35-1-2026/35-1099/22/2025

प्रेषक,

अनिल कुमार सिंह,

विशेष सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,

गोरखपुर।

नियोजन अनुभाग-1 लखनऊ; दिनांकः 30 मार्च, 2026

विषयः वित्तीय वर्ष 2025-26 में संतुलित क्षेत्रीय विकास (पूर्वान्चल) निधि (राज्यांश) योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–1349/पूर्वांचल विकास निधि(राज्यांश)/2025-26 दिनांक 21.02.2026, 1388/पूर्वांचल विकास निधि(राज्यांश)/2025-26 दिनांक 27.02.2026 एवं 1360/पूर्वांचल विकास निधि(राज्यांश)/2025-26 दिनांक 24.02.2026 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संतुलित क्षेत्रीय विकास (पूर्वान्चल) विकास निधि (राज्यांश) योजनान्तर्गत जनपद- गोरखपुर में निम्नलिखित तालिका में इंगित कार्यों की **रू.** 2503.57 **लाख** (रूपये पच्चीस करोड तीन लाख सत्तावन हजार मात्र जी0एस0टी0 सहित) की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू. 1253.00 लाख (रूपये बारह करोड़ तिरपन लाख मात्र) की धनराशि आपके निवर्तन पर निम्नांकित विवरण, शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। इन कार्यों के लिये ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग कार्यदायी संस्था होगी:-

(लाख रू. में)

क्र0	कार्य का नाम	लम्बाई (मी0)	अनुमोदित लागत	अवमुक्त धनराशि
1	वि0ख0-उरुवा, महिलवार में लालमन के घर से गोपड़ौर प्राथमिक विद्यालय तक शून्य से लेपन कार्य।	1000	77.01	39.00
2	वि०ख०-उरूवा, भरथरी मुख्य मार्ग से सई तक शुन्य से लेपन कार्य।	580	59.13	30.00
3	वि०ख०-उरूवाँ, टिकरी बुजुर्ग में चोरभारी तेनुअहिया से डड़वा चतुर तक शून्य से लेपन कार्य।	1000	81.75	41.00
4	विकास खण्ड कैम्पियरगंज ग्राम सभा शिवलहिया में दुर्गा यादव के घर से नेतवर पिच मार्ग रोड का निर्माण कार्य।	600	71.49	36.00

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

5	विकास खण्ड कैम्पियरगंज ग्राम सभा खजुरगांवा में अनिल शर्मा, बैजनाथ शर्मा के घर से गोपालपुर धुसिया तक रोड का निर्माण कार्य।	1550	141.2	71.00
6	ब्लाक बड़हलगंज राम जानकी मार्ग नेशनल हाइवे के नेतवार गाँव में श्री छोटे शुक्ला जी के टोले तक सी०सी० रोड का निर्माण कार्य।	500	49.57	25.00
7	ब्लाक गोला के सरयू नहर पिच से बेलपार पाठक गाँव तक सी०सी० रोड एवं नाली का निर्माण कार्य।	500	52.69	26.00
8	ब्लाक गगहा के भीटी प्रधानमंत्री सड़क उन्नति एकेडमी मोड़ से भीटी गॉव पिच तक सी०सी०/पिच रोड का निर्माण कार्य।	700	49.57	25.00
9	ब्लाक गोला के कोहरा खुर्द आई०टी०आई० पिच से मौर्या टोला तक सी०सी०/पिच रोड का निर्माण कार्य।	625	49.56	25.00
10	ग्रामसभा जं० डुमरी नं0-1 में सरैया बांसस्थान मार्ग से फैलहवा कोदईशाह टोला तक लेपन कार्य।	870	61.54	31.00
11	ग्रामसभा जौरहर में जी०एम० रोड पर सुबाष यादव के घर से ठेगू निषाद के घर तक लेपन कार्य।	720	43.98	22.00
12	ग्राम पंचायत बुढाडीह में प्राथमिक विद्यालय से परदेशी टोला होते हुए ब्रम्हदेव सिंह के खेत तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	685	54.06	27.00
13	ग्रामसभा पतरा के टोला फकीरहना में गोरखपुर पिपराइच मार्ग से राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय तक सी०सी०रोड का निर्माण कार्य।	525	34.47	17.00
14	वि०ख० खोराबार के ग्राम सभा डांगीपार मिर्जापुर रोड से पुलिस चौकी होते हुए भैरोपुर टोला के पंकज साहनी के मकान तक सी०सी० रोड का निर्माण कार्य।	550	53.09	27.00
15	वि०ख० पिपरौली के ग्राम सभा जीतपुर नारा टोला में गलाजू निषाद के मकान से संतराज निषाद के मकान होते हुए मेन रोड तक सी०सी० रोड का निर्माण कार्य।	600	50.73	25.00
16	वि०ख० खोराबार के ग्राम सभा अकलोही में गोरख प्रसाद के घर से पुलिया के आगे तक तक सी०सी० रोड का निर्माण कार्य।	500	52.94	26.00
17	वि०ख० खोराबार ग्राम सभा लालपुर टीकर में मलौनी बाँध से प्रकाश शिखर एकेडमी होते हुए नुदआ टोला तक सी०सी० रोड का निर्माण कार्य।	550	51.17	26.00
18	ग्राम-वस्तुपार में पलहपुर मेन रोड से डीह स्थान तक सी०सी० कार्य	875	74.73	37.00
19	ग्राम-सोहगौरा में सुशील राम के खेत से प्रा०वि० दीपक पासवान के घर तक पिच कार्य	700	61.78	31.00
20	ग्राम-बाऊपार में ढरसी मार्ग बाऊपार ईंट उद्योग से प्रा०वि० रानीपार तक सी०सी० कार्य	975	85.32	43.00
21	वि०ख० पाली ग्राम पंचायत कोदरी बलडरा सम्पर्क मार्ग	835	61.42	31.00

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

	पर रमेश सिंह हेचरी से कैलाश प्रसाद के घर होते हुए शैलेश सिंह के घर तक सी०सी० रोड का निर्माण कार्य।			
22	वि०ख० सहजनवॉ ग्राम बसिया मार्ग पिच रोड से दफ्तरी प्राइमरी स्कूल तक सी०सी० रोड का निर्माण कार्य।	850	64.56	32.00
23	वि०ख० पाली ग्राम अमसार मुख्य बन्धे से फुलवरिया प्राथमिक विद्यालय तक सी०सी० रोड का निर्माण कार्य।	900	90.17	45.00
24	वि०ख० पाली ग्राम बउण्ड्रा में महेन्द्र सिंह के घर से जूनियर हाई स्कूल तक सी०सी० रोड का निर्माण कार्य।	915	54.85	27.00
25	वि०ख० सहजनवॉ ग्राम सभा मुण्डा कोरना में अच्छीयापार बाबू राम के घर से मरवटिया गॉव तक सी०सी० रोड का निर्माण कार्य।	850	69.36	35.00
26	वि०ख० सहजनवॉ ग्राम सभा गुल्टही में पानी टंकी से हरिजन बस्ती तक सी०सी० रोड का निर्माण कार्य।	1100	82.06	41.00
27	वि0ख0-बेलघाट ग्राम राईपुर में बन्धे से लोनियान टोला के आगे प्राईमरी स्कूल तक शून्य से लेपन कार्य।	2000	203.8	102.00
28	वि० ख०- पिपराइच ग्रा0पं0- भैसहा में धुस चौराहा से रूपलाल निषाद के घर से अकटाहवा टोला के संजय निषाद के घर तक रोड का निर्माण कार्य।	900	68.94	34.00
29	वि० ख०- सरदारनगर ग्रा0पं0- डुमरी खास में गौरीशंकर जायसवाल के घर से नरसिंह के घर तक रोड का निर्माण कार्य।	480	35.42	18.00
30	वि० ख0-सरदारनगर ग्रा0पं0- लक्ष्मणपुर में दुधनाथ के लेवर फार्म से विश्वनाथपुर मार्ग तक रोड़ का निर्माण कार्य।	1100	90.91	45.00
31	वि० ख०- ब्रम्हपुर ग्रा0पं0- हरपुर में मेन रोड से ग्राम सभा फिलहा दिन दयाल के घर तक रोड का निर्माण कार्य।	1600	135.66	68.00
32	वि० ख०- ब्रम्हपुर ग्रा0पं0- मिठाबेल में बोहाबार - नई बाजार मेन रोड करुणाकर दुबे के खेत तक रोड का निर्माण कार्य।	735	59.08	30.00
33	वि०ख० खण्ड बेलघाट ग्राम कुँवरपार रामशब्द के घर से जूनियर हाई स्कूल होते हुए फरेन्दिर डड़वा इसरौली सम्पर्क मार्ग तक पिच/सी०सी० कार्य।	1900	148.85	74.00
34	वि०ख० खजनी खजुरी ऐनवा सम्पर्क मार्ग प्राथमिक विद्यालय गिदहा से काशिमपुर जिगनी सम्पर्क तक पिच कार्य।	1000	82.71	41.00
	योग:		2503.57	1253.00

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

1. स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिये किया जायेगा जिसके निमित्त स्वीकृत की गयी है तथा किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा एवं व्यय स्वीकृत धनराशि तक सीमित रखा जायेगा।
2. प्रदेश की राजकीय कार्यदायी संस्थाओं को सेंटेज चार्ज वित्त विभाग के शासनादेश सं0-01/2023/ए-2-7/10-2023-17(4)/75 दिनांक 17 मार्च, 2023 के अनुसार देय होगा।
3. कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इस हेतु राज्य सरकार, केन्द्र सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं हुई है और न ही यह कार्य किसी अन्य परियोजना/योजना के अंतर्गत अनुमोदित कार्य योजना में सम्मिलित है।
4. निर्माण कार्य को प्रारम्भ करने के पूर्व स्थलीय निरीक्षण के उपरांत वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार विस्तृत आगणन तैयार करते हुए कार्यदायी संस्था द्वारा सक्षम स्तर की तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त की जायेगी। सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही निर्माण प्रारम्भ कराया जायेगा।
5. समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियों एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स नियमानुसार सक्षम स्तर से प्राप्त करके निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
6. प्रायोजनान्तर्गत 18 प्रतिशत की दर से जी0एस0टी0 की धनराशि सम्मिलित है। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान सुनिश्चित कराया जाय। प्रायोजना के निर्माण कार्यों में वास्तविक खपत (CONSUMED) हुई मुख्य सामग्री (सीमेन्ट/ स्टील/ ग्रिट/मोरम इत्यादि) की मात्राओं का अनुपातिक /मानक मिलान करते हुए जी0एस0टी0 का भुगतान किया जाये।
7. परियोजना की द्विरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से प्रायोजना हेतु जनपद स्तर पर कार्यकारी आदेश निर्गत करने जिसे पूर्व जिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना / कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।
8. कार्य का निर्माण, लागत आगणन में प्रस्तावित विशिष्टियों एवं कार्य प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा। कार्य निर्धारित समय-सीमा अवधि में ही पूर्ण कर लिया जाये तथा भविष्य में प्रायोजना का कोई पुनरीक्षण स्वीकार नहीं होगा। कार्य के लागत आगणन में किसी भी प्रकार का कोई भी परिवर्तन जैसे मार्ग की लम्बाई/चौड़ाई में परिवर्तन, प्रस्तावित क्रस्ट डिजाइन में संशोधन, स्वीकृत प्रायोजना के स्कोप में परिवर्तन आदि व्यय वित्त समिति का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना नहीं किया जायेगा।
9. कार्य की भौतिक/वित्तीय प्रगति की समीक्षा सी0एम0आई0एस0 पोर्टल पर जिलाधिकारी द्वारा नियमित रूप से की जायेगी। व्यय/प्रगति सम्बंधी अपेक्षित विवरण उपलब्ध कराने का दायित्व जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी का होगा और

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

उनके द्वारा स्वीकृत कार्य की भौतिक/वित्तीय प्रगति का विवरण नियोजन विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।

10. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्रावधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।
11. संतुलित क्षेत्रीय विकास (पूर्वांचल/बुन्देलखण्ड) निधि के मार्गदर्शी सिद्धान्तों से संबंधित सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
12. प्रश्नगत निर्माण कार्य/व्यय शासन द्वारा स्वीकृत आगणन के अनुसार किये जायेंगे।
13. ई-टेण्डरिंग/ई-प्रोक्योरमेण्ट प्रणाली लागू किये जाने से सम्बन्धित शासनादेश संख्या-1067/78-2-2017-42आईटी/2017 दिनांक 12 मई, 2017 तथा शासनादेश संख्या–1107/78-2-2017-42आईटी /2017 दिनांक 12 मई, 2017 एवं तदविषयक शासनादेशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
14. परियोजना की लागत में टाइम ओवर रन/कास्ट ओवर रन न हो। इस सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों एवं बजट मैनुअल के प्रस्तर-212(vii) में दिये गये निर्देशों का कडाई से अनुपालन सुनश्चित किया जायेगा।
15. जिलाधिकारी द्वारा निर्माण कार्य को प्रारम्भ कराने के लिए स्वीकृत आगणन के अनुसार उक्त कार्य हेतु अधिकृत कार्यदायी संस्था को कार्यकारी आदेश प्रदान किया जायेगा तथा कार्यकारी आदेश के साथ स्वीकृत आगणन की एक प्रति संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी।
16. अपेक्षित औपचारिकतायें पूर्ण कर जिलाधिकारी द्वारा कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को अवश्य उपलब्ध करा दी जायेगी।
17. परियोजनाओं के लिए स्वीकृत धनराशि को स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया/राष्ट्रीयकृत बैंकों में ही रखा जाय और यदि धनराशि पर कोई ब्याज अर्जित किया गया है तो उसे राजकोष में जमा कराना सुनिश्चित किया जाय।
18. स्वीकृत की जा रही धनराशि संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से आहरित कर उपलब्ध करायी जायेगी।
19. स्वीकृत धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2026 तक पूर्ण रूपेण कर लिया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त बचती है तो उसे 31 मार्च, 2026 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव नियोजन अनुभाग-4 को 31 मार्च, 2026 तक प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।
20. राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उत्तर प्रदेश में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यतः कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून, 2026 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

21. कार्य स्थल पर संतुलित क्षेत्रीय विकास (पूर्वांचल/बुन्देलखण्ड) निधि के अंतर्गत स्वीकृत होने के तथ्य के साथ-साथ मुख्य विवरण शिला पट्टिका/बोर्ड के रूप में जन-साधारण की जानकारी हेतु प्रदर्शित किये जायेंगे।
22. जिलाधिकारी द्वारा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य भी सुनिश्चित कराया जायेगा और इसके लिए कार्यदायी संस्था से प्रभावी समन्वय किया जायेगा। कार्य को निर्धारित विशिष्टियों तथा मानकों के अनुरूप गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध ढंग से पूरा किया जायेगा। कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर कार्यदायी संस्था उसके लिये उत्तरदायी होगी।
23. कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री/उपकरणों का क्रय सुसंगत स्टोर परचेज नियमों तथा आदेशों के अंतर्गत किया जायेगा।
24. यथावश्यक द्विरावृत्ति से बचने के लिए कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व एवं कार्य समाप्ति के पश्चात वीडियोग्राफी भी करायी जाय।
25. अवमुक्त धनराशि का निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र नियोजन विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।
26. कार्य से सृजित होने वाली परिसम्पत्तियों का हस्तांतरण कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की समाप्ति के पश्चात नियमानुसार सम्बंधित प्रशासकीय विभाग को किया जायेगा। संबंधित प्रशासकीय विभाग द्वारा सृजित परिसम्पत्ति के रख-रखाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। इस हेतु योजना से धनराशि अनुमन्य नहीं होगी।
27. वित्त विभाग के शासनादेश सं0-01/2023/ए-2-60/दस- 2023-17(4)/75, दिनांक 17 मई, 2023 के अनुसार परियोजना की द्वितीय किश्त हेतु निविदा में प्राप्त मूल्य (टेण्डर कॉस्ट) के अनुसार विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए जनपद/कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की वास्तविक लागत के अनुसार मांग की जायेगी। यदि निविदा के बाद कार्यो की लागत में कमी आती है तो बचत की धनराशि को सुसंगत वित्तीय नियमों के अन्तर्गत राजकोष में जमा किया जायेगा।
28. प्रायोजना प्रस्ताव/आगणन में आकस्मिक व्यय मद में प्रस्तावित धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका में अनुमन्य मदों पर ही नियमानुसार सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त ही किया जायेगा।
29. प्रस्ताव का परीक्षण लागत आगणन में प्रस्तावित कार्य प्रावधानों को यथावत् मानते हुए किया गया है। मार्ग निर्माण की लम्बाई/चौड़ाई में परिवर्तन, प्रस्तावित क्रस्ट डिजाइन में संशोधन, स्वीकृत प्रायोजना के स्कोप में परिवर्तन आदि पर सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त किये बिना नहीं किया जायेगा। प्रशासकीय विभाग द्वारा इस आशय का उल्लेख सम्बन्धित स्वीकृति आदेश में सम्मिलित किया जायेगा।
30. प्रश्नगत कार्य के लिये नियमानुसार लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि उक्त धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।
31. नियोजन विभाग के शासनादेश संख्या:101/2025/726पू0वि0नि0/35-1-2025/35-1099/110/2025 दिनांक 10 जून, 2025 में निहित व्यवस्था के अंतर्गत सीएमआईएस पोर्टल पर जियोटैगिंग के साथ पीएम गतिशक्ति पोर्टल पर प्रदर्शित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

2- उपर्युक्त कार्यों में से (1) क्रमांक-19 एवं 26 पर आंकित कार्य पर आने वाले व्यय रू0 72,00,000 (रू0 बहत्तर लाख मात्र) को वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक में **अनुदान सं0-83 के बजट लेखाशीर्षक- 4575-अन्य विशेष क्षेत्र कार्यक्रम पर पूंजीगत परिव्यय-02-पिछड़े क्षेत्र-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-03-पूर्वांचल की विशेष योजनाएं-24 वृहद निर्माण के नामे** तथा (2) शेष कार्यों पर होने वाला व्यय रू0 11,81,00,000 (रू0 ग्यारह करोड़ इक्यासी लाख मात्र) को अनुदान संख्या-40 के बजट लेखाशीर्षक-**4575-अन्य विशेष क्षेत्र कार्यक्रम पर पूंजीगत परिव्यय-60-अन्य-800-अन्य व्यय-03-पूर्वांचल की विशेष योजनाओं पर पूंजीगत परिव्यय-24 वृहद निर्माण** कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025 दिनांक 27 मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(अनिल कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या: 47 /2026/311पू0वि0नि0(1)/35-1-2026/35-1099/22/2025 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/लोक निर्माण/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।
4- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त।
5- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
6- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त, गोरखपुर मंडल।
8- निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0।
9- मुख्य विकास अधिकारी, गोरखपुर।
10- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, गोरखपुर।
11- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
12- सम्बन्धित संयुक्त निदेशक,स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन,नियोजन विभाग।
13- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, गोरखपुर।
14- सम्बन्धित अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, गोरखपुर।
15- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

(अनिल कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।